Total Pages : 4

25/04/24

# M-95

## B.A. (Part-III) Examination, 2024

## ( Regular/Private/Ex. Students )

## HINDI LITERATURE

## [ Paper : Second ]

## ( हिन्दी भाषा साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग विवेचन )

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

**निर्देशः** सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. पश्चिमी हिन्दी की बोलियों पर विस्तार से प्रकाश डालिए। [11]

**अथवा**

बोलचाल की भाषा की विशेषता बताते हुए राजभाषा के साथ उसके अन्तर को उदाहरण सहित समझाइए।

2. 'संस्कीरत है कूप जल, भाखा बहता नीर' हिन्दी के शब्द भण्डार के आलोक में इस कथन को सिद्ध कीजिए। [11]

अथवा

आदिकाल के नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए।

3. भक्तिकाल की असफलता के कारणों को रेखांकित कीजिए। [11]

अथवा

रीतिकाल की सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट कीजिए।

4. रस के विभिन्न भेदों की उदाहरण सहित परिभाषा दीजिए। [11]

अथवा

कथा क्षेत्र में प्रेमचंद के योगदान पर एक निबन्ध लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए – [4×4×16]

(i) छत्तीसगढ़ी भाषा

(ii) आगत शब्दावली

(iii) निर्गुण भक्ति

(iv) विद्यापति

(v) भ्रंतिमान अलंकार

(vi) रस



(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों को उत्तर दीजिए – [1×15=15]

(i) पश्चिमी हिन्दी की दो बोलियों के नाम लिखिए।

(ii) खेत का तत्सम शब्द लिखिए।

(iii) 'रिक्शा' किस भाषा से आया शब्द है?

(iv) 'बोल चाल की भाषा व्याकरण सम्मत नहीं होती।' यह कथन सत्य है अथवा असत्य।

(v) अर्धमागधी अपभ्रंश से हिन्दी की किन बोलियों का विकास हुआ है?

(vi) रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के आदिकाल की क्या समय-सीमा निर्धारित की है?

(vii) पूर्व मध्यकाल को प्रवृत्ति के आधार पर क्या नाम दिया गया है?

(viii) बिहारी किसके दरबारी कवि थे?

(ix) राम चंद्रिका किसकी रचना है?

(x) पुष्टि मार्ग के प्रणेता कौन थे?

(xi) हिन्दी के दो सूफी कवियों के नाम लिखिए।

(xii) 'अंधेर नगरी' किसका नाटक है?

(xiii) 'कामायनी' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xiv) प्रेमचन्द्र की दो कहानियों के नाम लिखिए।

(xv) गीतांजंलि श्री. के किस उपन्यास को बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(xvi) शांत रस का स्थायी भाव लिखिए।

(xvii) चौपाई के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएं होती हैं?

(xviii) यमक अलंकार की परिभाषा लिखिए।

(xix) 'खिला हो ज्यों बिजली का फूल मेघ–वन बीच गुलाबी रंग' में क़ौन–सा अलंकार है?

(xx) नाट्यशास्त्र किसकी रचना है?

----x----